# बढ़ती चोरियां और वारदातों से एक्टिव हुई पुलिस

**खास बातें**

- रातभर चला पुलिस का सघन नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन
- एसपी समेत 357 पुलिसकर्मी उतरे मैदान में, 719 ठिकानों पर दबिश



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 27 नवम्बर, जिले बढ़ते अपराध और रायसेन जिले में हुई वारदात के बाद विदिशा जिले पुलिस भी सक्रिय हो चली यही वजह है कि जिले में एक साथ गश्त में पुलिस साढ़े 300 से ज्यादा जवान मैदान में उतरे साथ ही पुलिस कप्तान में भी मोर्चा संभाल लिया. पुलिस महानिरीक्षक अभय सिंह एवं राजेश सिंह चंदेल के मार्गदर्शन में एसपी रोहित काशवानी के नेतृत्व में बुधवार गुरूवार की रात जिलेभर में एक समन्वित एवं व्यापक नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन संचालित किया गया.**

इस अभियान में जिले के सभी थाना क्षेत्रों से कुल 357 पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए स्वयं एसपी रोहित काशवानी ने अभियान की निगरानी की, जिनके साथ 1 एएसपी, 5 एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी मौजूद रहे. अभियान का उद्देश्य—अपराधियों पर प्रभावी अंकुश, अवैध गतिविधियों की रोकथाम, वारंटियों की गिरफ्तारी और रात्रिकालीन सुरक्षा को मजबूत करना रहा. सघन कार्रवाई के दौरान 32 स्थायी वारंट निष्पादित, 115 गिरफ्तारी वारंट में कार्रवाई, 126 जमानती वारंटों की तामिली वहीं 8 जिला बदर व्यक्तियों की जांच, 109 हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी, 199 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश, 80 होटल/ढाबों एवं 40 डेरों की गहन चेकिंग की गई. इस दौरान अवैध शराब के 24 प्रकरण दर्ज, 24 आरोपी गिरफ्तार, 69.93 लीटर अवैध शराब जप्त, जप्त शराब की अनुमानित कीमत 39 हजार 440 व जुआ सट्टा पर कार्रवाई करते हुए 3 प्रकरण में 11 आरोपी गिरफ्तार, कुल 3,000 जप्ती की गई वहीं 1 देशी कट्टा जप्त कर 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया.



## हमको सड़क से कौन हटाएगा ?

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** यह तस्वीर शहर के व्यस्तम इलाका मालवीय उद्यान के पास का है. जहां पर एक चार पहिया वाहन चालक कार से उतरकर सब्जी की खरीदारी कर रहा है और कार बीच सड़क पर खड़ी है. जिससे इस रास्ते से आने जाने वाहन चालकों को परेशानी होती रही. ऐसा नजारा शहर के कई इलाकों में आए दिन देखने को मिलते रहते हैं.

## एक नजर में

### बच्चों को सर्दी से बचने के लिए दिए ऊनी कपड़े

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**, सेवा का पर्याय बन चुकी मानव सेवा न्यास द्वारा सेवा के क्षेत्र में, आज नंदवाना स्थित शासकीय माध्यमिक शाला नदवाना में ,अध्यक्ष रमेश मंगल के नेतृत्व में पहुंच कर मानव सेवा न्यास के पदाधिकारीयों एवं समाज सेवियों द्वारा करीब 200 बच्चों को सर्दियों से बचाव के लिए गर्म स्वेटर ऊनी कपड़े का वितरण किया. इस कार्यक्रम में मानव सेवा न्यास के सचिव मानसिह रघुवंशी कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश अग्रवाल ,अनाज तिलहन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राधेश्याम महेश्वरी , मनमोहन बंसल, श्याम अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश सोनकर, रोहित गर्ग, पिंकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे.

### सौ प्रतिशत काम करने वालों को मिला सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** महिला एवं बाल विकास विभाग की कर्मठ कार्यकर्ता एवं निर्वाचन आयोग, विदिशा शहरी क्षेत्र152 लंका भवन की रशीदा खान को समय-सीमा के भीतर निर्वाचन संबंधी कार्यों का शत प्रतिशत निष्पादन करने पर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशुल गुप्ता द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया. रशीदा खान के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन में महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी विनीत लोढ़ा, परियोजना अधिकारी संजय कुमार सिंह, विभाग की पर्यवेक्षक नेहा रघुवंशी तथा कार्यकर्ता अनीता यादव का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और सहयोग रहा.निर्वाचन कार्यों में उनकी सक्रियता, समयबद्धता और समर्पण को देखते हुए विभाग ने भी इस उपलब्धि की सराहना की है.

## रायसेन की घटना को लेकर आज विदिशा बंद का आव्हान, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** रायसेन जिले के गोहरगंज में करीब 6 दिन पहले एक 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी. जिसका आरोपित को अभी तक रायसेन पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी. इस घटना के बाद विदिशा में भी लगातार बच्ची को न्याया दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिये जा रहे हैं. गुरुवार को एक हिंदू वादी संगठन ने आरोपित को पकड़कर फांसी की सजा दिये जाने की मांग की है। वहीं सनातन संघ के सदस्यों ने भी गुरुवार को कलेक्टर अशुल गुप्ता के नाम एक ज्ञापन दिया. जिसमें घटना के विरोध में शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक विदिशा बंद का अहवान किया है. उक्त ज्ञापन में संगठनों के सदस्यों ने बताया कि रायसेन जिले के गोहरगंज में 6 वर्ष की बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म घटना के आरोपित की गिरफ्तारी अबतक नहीं हुई हैं.जिसके विरोध में सनातंन संघ शुक्रवार की सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विदिशा बंद रखेगा. इस दौरान सनातंन संध के जिला अध्यक्ष प्रियंक रघुवंशी, राजू सोनी, रूपेश दुबे, गिरीश सहित अन्य शामिल थे. वही दूसरा ज्ञापन भी इसी घटना को लेकर संगठन के द्वारा दिया गया. संगठनों के सदस्यों ने बताया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे आमजन में आक्रोश है. इसी के चलते संगठनों ने कल शुक्रवार विदिशा बंद का आह्वान किया है. ज्ञापन देने पहुंचे पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए. उन्होंने बच्ची को शीघ्र न्याय दिलाने की बात कही. प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुईए तो आंदोलन और तेज किया जाएगा.संगठन के सदस्यों ने कहा कि यदि इसके बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती हैए तो वे गोहरगंज की ओर कूच करेंगे.

## मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधायक टंडन ने किया जनसंपर्क

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा , भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण एवं मतदाता सूची संशोधन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने वार्ड क्रमांक 17 और 18 में जनसंपर्क किया.**



इस दौरान पुरानी नगर पालिका क्षेत्र, चुना वाली गली, ढलकपुरा, अतुल गैस एजेंसी, रंगीपुरा चौराहा, श्रीजी गली सहित कई क्षेत्रों में नागरिकों से संवाद किया गया. विधायक टंडन ने मतदाता सूची के दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए लोगों से अपने नाम, पते और आयु संबंधित जानकारी सही-सही दर्ज कराने की अपील की. उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए आवश्यक है.

## लौह पुरुष पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च आज

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे नेतृत्व**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को विदिशा विधानसभा के गुलाबगंज मंडल में यूनिटी मार्च (पदयात्रा) का आयोजन किया जा रहा है. इस पदयात्रा का नेतृत्व केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे. उनके साथ विदिशा विधायक मुकेश टंडन तथा जिले के अनेक कार्यकर्ता शामिल रहेंगे. यात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे सानवी वेयरहाउस, हथियाखेड़ा से होगा.पदयात्रा मढ़ी चौबीसा, मेहंदेर रेस्ट हाउस, दांगी धर्मशाला, शास अस्पताल गुलाबगंज, गांधी चौक और बर्री बैंक चौराहा से होकर गुलाबगंज हाट बाजार पहुँचेगी.विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि यह यात्रा राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि एकता, राष्ट्रीय संकल्प और सरदार पटेल के योगदान को स्मरण करने के लिए आयोजित की जा रही है.

## मोतियाबिंद के निकले 100 मरीज, 53 मरीजों को दिये चश्मे

**नवभारत न्यूज**

**ग्यारसपुर, शासकीय अस्पताल में एवं हैदरगढ़ के अस्पताल में स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनन्द पुर के नेत्र चिकित्सक डॉ संजय पाण्डेय डॉ गोलू सेन एवम आनंद पुर के नेत्र विभाग की पूरी टीम ने लगभग 301लोगों के नेत्रों की जाँच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी.**

इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी पंडित अरविन्द अवस्थी मोकल सिंह कुशवाहा जनपद सदस्य एवं सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्टकी सराहना की और बताया की वर्ष भर में ट्रस्ट द्वारा 52 हजार से अधिक ऑपरेशन किये जाते है उक्त शिविरो का संचालन रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन मे किया जाता है. इस मोके पर कैंप प्रभारी गोलू राठौर रामजी कोठारी अक्षय पाल रवि धाकड़ अंकेश अहिरवार दीपक अहिरवार प्रबल जैन अभिषेक सुमन ने अपना सहयोग एवम हैदरगढ़ के जनपद सदस्य मोकल सिंह कुशवाहा ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया प्रदान किया.100 मरीजों को मोतिया बिन्द चिन्हित किया गया एवं 103 लोगों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया. 53 मरीजों का चश्मा का नंबर निकाला गया एवं 45 को चश्मे प्रदान किये.

## महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस,प्रस्तावना का किया सामूहिक वाचन

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज में संविधान दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ बाबासाहेब डॉक्टर भीमरावअंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुआ.महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। प्रोफेसर अनामिका ठाकुर ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बाबासाहेब के योगदान को याद किया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के प्रभारी डॉ.



जुगराज जाटव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संविधान निर्माण की प्रक्रिया को बताया. भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी डॉ. कल्पना पंचोली के मार्गदर्शन में प्रश्नमंच एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी थीम भारतीय संविधान थी. उक्त प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे – प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयुष सक्सेना, रिषिता साहू, देवी सिंह प्रभाकर तथा राधिका विश्वकर्मा की टीम ए ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान डाली पंथी, कीर्ति पंथी, आरजू पंथी तथा स्वाति साहू की टीम डी ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान मधु चौकसे, निदा मंसूरी, जैस्मिन मंसूरी तथा संजय मालवीय की टीम ई ने प्राप्त किया.स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अशोक यादव ने, द्वितीय स्थान शिवम सेन ने तथा तृतीय स्थान मधु चौकसे ने प्राप्त किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. सैय्यद उरूज अहमद द्वारा सुचारू रूप से किया गया.

## श्रीधाम बासौदा दरबार में आज सजेगी भक्तिरस से सराबोर भव्य भजन संध्या

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** राजेंद्र नगर रामदेव बाबा मंदिर परिसर में आज शुक्रवार को एक शाम श्री धाम बासौदा दरबार के नाम से भव्य भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है.कार्यक्रम में जोधपुर, राजस्थान से पधार सुप्रसिद्ध भजन गायन मंडली मशरूम मनचला एवं पार्टी अपनी मधुर वाणी से भक्तिमय वातावरण का संचार करेगी. मंच पर भक्तिरस, भक्ति भावना और राग-रंग से सजी मनमोहक प्रस्तुतियां श्रोताओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देंगी.मशरूम मनचला अपनी विशिष्ट शैली के लिए लोकप्रिय हैं. भजन संध्या में उनकी प्रस्तुति अनूठा आकर्षण रहने वाली है.

**बैठक** | **एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में सुरक्षा, साफ-सफाई, ट्रैफिक डायवर्सन और सतर्कता के दिए निर्देश**

## महाबोधि महोत्सव की सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर हुई समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**सांची,आगामी महाबोधि महोत्सव को लेकर आज थाना परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम मनीष शर्मा ने की. महोत्सव को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जहां अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, वहीं उपस्थित नागरिकों और पत्रकारों से भी सुझाव आमंत्रित किए गए. बैठक में महोत्सव में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर विशेष नजर रखने और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए गए.**



इस अवसर पर एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम तहसीलदार भारत सिंह मंडले, नायब तहसीलदार ललित सक्सेना, थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी, नगर परिषद के अधिकारी, पत्रकारगण और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.एसडीएम मनीष शर्मा ने कहा कि महाबोधि महोत्सव नगर की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है, इसलिए सभी विभागों को समन्वय कर कार्यक्रम को सफल बनाना होगा. उन्होंने नगर परिषद को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं, पेयजल, साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए. साथ ही विद्युत मंडल को निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा.नगर से गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहनों को महोत्सव के दौरान निर्धारित मार्गों से डायवर्ट करने के निर्देश भी दिए गए.एसडीएम ने नागरिकों से अपील की कि नगर में आने वाले हर व्यक्ति पर सतर्क दृष्टि रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना दें.उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि होटलों और लॉज में ठहरने वाले व्यक्तियों का रिकॉर्ड नियमित रूप से एकत्र किया जाए.हाल ही में जिले में घटी एक दुखद घटना का उल्लेख करते हुए एसडीएम ने बताया कि आरोपी की तलाश में प्रशासन निरंतर प्रयासरत है और ड्रोन सहित सभी आवश्यक साधनों का उपयोग कर रहा है1 उन्होंने नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की.इस अवसर पर नप अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने कहा कि हमारे नगर की यह गौरवशाली परंपरा रही हैं हर वर्ष इस आयोजन में आने वाले लोगो को हम अपना अतिथि समझते है तथा हमारा प्रयास रहता है उन्हें हर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये ।नगर वासियों का इसमे पूरा सहयोग रहता है.एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने भी कहा कि महोत्सव के सुचारू संचालन के लिए पुलिस प्रशासन को नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता है.महाबोधि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए प्रशासन और नागरिकों का यह संयुक्त प्रयास सुरक्षा और सौहार्द की मिसाल बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.


